डीबीटी वाउचर योजना ऑनलाईन आवेदन 17 नवम्बर से प्रारंभ

डूंगरपुर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित समस्त स्नातक एवं स्नामकोत्तार (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र जों घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किरायें पर लेकर (पेंड्रग गैस्ट के रूप में) अध्ययन करते है उन छात्रों हेतु आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं हेतु पुनर्भरण (अधिकतम 10 माह हेतु) दी जाएगी। योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत छात्रों को लान दिया जावेगा योजनान्तर्गत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं माईनोरिटी के छात्र जो राजकीय महाविद्यालय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में नियमित रुप से अध्ययनरत छात्राओं को देय होगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया-योजनान्तर्गत इच्छुक छात्र द्वारा ई-मित्रए एस.एस.ओ.आई डी के माध्यम से उक्त पोर्टल पर जनाधार कार्ड के माध्यम से पद पर आमंत्रित आवेदन किया जावेगा। आवेदन हेतु जारी दिशा-निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइड पर उपलब्ध है। छात्र वर्तमान में जिस राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत है, उस महाविद्यालय के द्वारा ऑनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों की गहन जांच कर आवेदन पत्र स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विभागीय जिलाधिकारी) को भिजवाया जावेगा।

NAME CHANGE

I have changed my name from Rajjak Mohammad to Rajjak Mohmmad for all purposes R/o- Pithawadi kala Chhoti sadri Pratapgarh (Raj.) 312604

राष्ट्रीय कृषि व पशुपालन उद्यिमता कार्यशाला का समापन

■ उच्च-स्तरीय खरीदार-विक्रेता बैठक के साथ, अग्रणी कंपनियों ने राजीविका एसएचजी उद्यमों के साथ हस्ताक्षर किए समझौता ज्ञापन

उदयपुर/जयपुर। राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यिमता कार्यशाला के समापन सत्र के रूप में आयोजित बॉयर-सेलर मीट ने एसएचजी उद्यमों, उत्पादक समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और देशभर के प्रमुख संस्थागत खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संवाद के लिए एक अभूतपूर्व मंच तैयार किया। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य महिला संचालित ग्रामीण उद्यमों के लिए मूल्य श्रृंखला एकीकरण को मजबूत करना हैं।

बैठक की अध्यक्षता स्वाति शर्मा, आईएएस, संयुक्त सचिव (ग्रामीण आजीविका), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा नेहा गिरि,आईएएस, राज्य मिशन निदेशक, राजीविका ने की। इस अवसर पर आर.वी. शाजीवना, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तमिलनाडु एसआरएलएम भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बाजार पहुँच एवं उद्यम विकास के लिए टीएन-एसआरएलएम द्वारा अपनाई गई प्रमुख रणनीतियों को साझा किया।

- राजीविका द्वारा राजस्थान के 41 जिलों से बाजार-उपयुक्त उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जो मसाले, शहद, पशुधन उत्पाद, अनाज, प्राकृतिक खेती उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में संलग्न हजारों एसएचजी महिलाओं के कार्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। बॉयर-सेलर मीट में खाद्य, कृषि, मसाले, पशुधन, प्रसंस्करण और निर्यात क्षेत्रों की 25 से अधिक कंपनियाँ शामिल हुईं, जिन्होंने सामुदायिक संस्थानों के साथ संरचित संवाद स्थापित किए।

कई प्रमुख कंपनियों ने राजीविका के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें एसएचजी उद्यमों से बड़े पैमाने पर क्रय की तत्परता व्यक्त की गई। ये प्रतिबद्धताएँ ग्रामीण उत्पादकों के लिए सुनिश्चित बाजारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस बैठक से प्रत्यक्ष विपणन चैनल स्थापित कर एसएचजी, पीजी एवं एफपीओ ने बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे खरीदारों से संबंध स्थापित हुए। राजस्थान के ग्रामीण उत्पाद अनाज, शहद, पशुधन नस्लें एवं प्राकृतिक खेती उत्पादों में उच्च मात्रा की खरीद में रुचि दिखाई।

कई खरीदारों ने एसएचजी महिलाओं को खरीद, प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स श्रृंखला में शामिल करने की तत्परता दिखाई। राष्ट्रीय स्तर के खरीदारों ने एसएचजी उत्पादों की गुणवत्ता, स्थिरता और विविधता की सराहना की।

25 से अधिक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों की भागीदारी से अंतर-राज्यीय सीख और सहयोग को बढ़ावा मिला। राष्ट्रीय कार्यशाला का ऐतिहासिक समापन :-तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन बाजार विश्वास, संस्थागत सहयोग और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ हुआ। खरीदारों की सक्रिय भागीदारी, एसएचजी उत्पादों में गहरी रुचि और ग्रामीण महिला उत्पादकों के उत्साह ने राजस्थान की महिला संचालित ग्रामीण उद्यिमता में अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित किया। यह कार्यशाला ग्रामीण मूल्य श्रृंखलाओं के विस्तार, आजीविका विविधीकरण को गहराने और लाखों एसएचजी महिलाओं को सतत उद्यमी एवं भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की प्रमुख योगदानकर्ता बनने के लिए सशक्त करने हेतु एक मजबूत आधार तैयार करती है।

'ब्रेन स्टॉर्मिंग' में कृषि वैज्ञानिकों ने रखे सुझाव

उदयपुर, (कासं)। किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए तकनीकी एकीकरण पर देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों ने मुहर लगाई। साथ ही तिलहन-दलहन उत्पादन बढ़ाने, बीजीय मसालों के साथ-साथ बागवानी, उद्यानिकी व पशुधन में अग्रिम पंक्ति विस्तार के लिए तकनीकी प्रगति पर गहन विचार मंथन (ब्रेन स्टॉर्मिंग) किया गया।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मेजबानी में यहां प्रसार शिक्षा निदेशालय में चल रही तीन राज्यों राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 67 कृषि विज्ञान केन्द्रों के कामकाज की वार्षिक समीक्षा बैठक के तकनीकी सत्रों में उक्त आम सहमति बनी। कार्यशाला प्रायोजक आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (अटारी जोन-2) है। कृषि वैज्ञानिकों के प्रधानमंत्री की अन्न-धन योजना तथा वर्ष 2047 में विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए तिलहन-दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया। पशुधन को भी महत्वपूर्ण घटक मानते हुए तकनीकी एकीकरण पर जोर दिया क्योंकि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे यहां का किसान विकसित यानी समृद्ध होगा। दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने सम्बन्धी समूह चर्चा में डॉ. विजय वीर सिंह भरतपुर, डॉ. सुधीर कुमार बीकानेर, डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ. एस.आर. मालू, डॉ. एस.के. इंटोदिया, डॉ. वीरेन्द्र नेपालिया ने भाग लिया। बीजीय मसाला, बागवानी, उद्यानिकी विषयक समूह चर्चा में डॉ. आर.ए. कौशिक, डॉ. एस.एस. लखावत, पशुधन व जलीय कृषि विषय पर डॉ. धीर सिंहआदि ने समूह चर्चा में भाग लिया व पीपीटी प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

किसानों की आय बढ़ाने विषयक समूह चर्चा में एडीजी, कृषि विस्तार आईसीएआर, नई दिल्ली, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. पीके चक्रवर्ती, डॉ. बी.एल. जांगिड़ ने भाग लिया। साथ ही आईसीएआर संस्थाओं और उद्योगों के निदेशकों ने प्रस्तुतियां दी। समूह चर्चा में हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली राज्यों के केवीके अध्यक्ष व वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने भी भाग लिया।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/14162 दिनांक : 10.11.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री सौरभ काबरा पिता श्री शिवनारायण निवासी- मिराज कॉम्प्लेक्स नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-43 क्षैत्रफल-1906 वर्गफिट मोहन हाईट्स आवासीय कॉलानी, नाथद्वारा	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-22	80 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-42

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

निचला घंटाला में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। राउमावि निचला घंटाला में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानाचार्य रोशन जोशी की अध्यक्षता, समाजसेवी भामाशाह व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मणिलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं जिला परिषद सदस्य पिंटू देवी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि गुर्जर ने कहा कि खेल से व्यक्ति का मन एवं शरीर स्वस्थ रहता है अतः हर उम्र के व्यक्ति को अपनी आयु के अनुरूप खेल गतिविधियों में जुडना चाहिए। जिला परिषद सदस्य पिंटू देवी ने कहा कि सरकार की ओर से खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है इसके माध्यम से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आना चाहिए। संस्थाप्रधान रोशन जोशी ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए विभिन्न आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत पीटीआई वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक दिलीप कुमार पंड्या के निर्देशन में 100 मीटर व 50 मीटर दौड़, नींबू दौड़, कबड्डी आदि खेलो का आयोजन हुआ जिसमें संभागियों ने उत्साह से भाग लिया। संचालन शीतल चौबीसा ने किया जबकि आभार कल्पना जोशी ने माना।

सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के तहत ग्राम पंचायत ओबला में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राउमावि ओबला में भाजपा नेता खेमराज गरासिया के मुख्य आतिथ्य व सरपंच विरसिंह कटारा की अध्यक्षता में हुआ। आरंभ में प्रधानाचार्य सुभाष पारगी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता संयोजक मगनलाल पारगी ने बताया कि इस अवसर पर बालीबाल, कबड्डी रस्साकस्सी, निंबु दौड व 50 मीटर दौड की प्रतियोगिताए आयोजित हुई जिसमें विजेता खिलाड़ियों व टीम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष खातुदास पारगी, रतना डामोर समेत भाजपा पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन मोहनलाल खांट ने तथा आभार दिवान कटारा ने माना। इसी तरह ग्राम पंचायत बोरवानिया में भी भाजपा नेता खेमराज गरासिया के मुख्य आतिथ्य व प्रशासक अमृतलाल की अध्यक्षता में प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष मनिष मसार, योगेन्द्र सिंह, संयोजक प्रकाश खांट, समाजसेवी दौलत राम, पूर्व उप सरपंच धूलेश्वर, पूर्व डायरेक्टर कन्हैया लाल, ग्रामदानी अध्यक्ष शंकरलाल, पीईईओ रमेश पारगी, शांतिलाल पारगी, रिंकेश पंड्या आदि मौजूद रहे।

राउमावि अमरसिंह का गडा में सांसद खेल महोत्सव के तहत पंचायत स्तरीय खेल में कबड्डी, रस्साकस्सी, 50 व 100 मीटर की दौड, नींबू चम्मच दौड प्रतियोगिताएं हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व विधायक हरेन्द्र निनामा ने खिलाडियो से खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रेमशंकर भगौरा, उपसरपंच करण सिंह चौहान, अभिभावक समिति के अध्यक्ष लाल सिंह चौहान, सुखलाल, कमला भाई, हकरिया भाई आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य नारायण तेली ने अतिथियो का स्वागत किया। महोत्सव में केशवलाल मीना, शंकरलाल मोगी, कुमारी लता व्यास, कन्हैयालाल, वीर सिंह, मुकेश मगन, कोमेन्द्र सिंह, राजेश, नारायण, गोपालजी राव, रमेश, गीता कुंवर, हर्षा आदि सम्मिलित हुए।

बढ़ती चोरियों की शिकायत पर एसपी ने किया सायरा का दौरा

■ प्रवासियों के घरो में हो रही सर्वाधिक चोरियां

उदयपुर, (कासं)। सायरा क्षेत्र के गांवों में सूने पडे मकानों के मालिक सूरत और मुंबई में रहते हैं और यहां पीछे से चोर घरों में घुसकर चोरियों की वारदात को अंजाम देते हैं। एक साल के अंदर अब तक 54 चोरियों की घटना हो चुकी है।

इन चोरियों का मामला पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के पास भी पहुंचा। प्रवासियों ने कटारिया से भी इस मामले में आग्रह करते हुए कहा कि गांव में चोरियों पे चोरियां हो रही हैं, इस पर मदद कराए। लोगों ने उदयपुर एसपी को भी एक शिकायत दी थी।

शिकायत पर बुधवार को उदयपुर एसपी योगेश गोयल, एडिशनल एसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा और डिप्टी गोपाल चंदेल सेमड पहुंचे। गांव में एक मीटिंग हुई जिसमें प्रवासी और सेमड और आसपास के ग्रामीण एकत्रित हुए। इस दौरान गोगुंदा और सायरा पुलिस थाने का स्टाफ भी मौजूद रहा। एसपी ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां आए दिन चोरियां होती हैं। एसपी ने आश्वस्त किया कि पुलिस बची चोरियां भी खोल देगी।

प्रवासी शांतिलाल मेहता ने बताया कि सेमड में चोरियों की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही तो एसपी तक बात पहुंचाई। उन्होंने बताया कि जो प्रवासी है उनके सूने घरों को चोर निशाना बना रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर गांव में सीसीटीवी लगाए फिर भी घटनाएं नहीं थम रही हैं।

बाद में एसपी योगेश गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेमड, पदराडा, ढोल, कमोल सहित आसपास के गांवों के लोग बिजनेस और जॉब के लिए सूरत, मुंबई में बसे हैं। पीछे से गांव सूना हो जाता है और चोर.बदमाशों के निशाने पर रहता है और यही आपके गांव में हो रहा है।एसपी गोयल ने कहा कि पिछले तीन साल में जो चोरियां हुई उन चोरियों को खोलेंगे। ये हमारा दायित्व है इसलिए सरकार ने पुलिस थाना खोला है। न केवल समाधान हो वरन आगे इन समस्याओं से छुटकारा दिलाया जाएगा। एसपी ने सेमड में स्थायी रूप से एक पुलिस चौकी बनाने का भी आश्वासन दिया।

कार्यशाला शुरु

उदयपुर, (कासं)।19 नवम्बर को आयोजित होने वाले घूमर महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। राजस्थान की लोक-संस्कृति और नारी-सशक्तिकरण के प्रतीक घूमर उत्सव की तैयारियों के तहत पर्यटन विभाग द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में गुरूवार से अभ्यास सत्रों की शुरुआत की गई। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस सत्र में शहर की महिलाओं और छात्राओं ने उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। प्रशिक्षण के पहले दिन लगभग 150 महिलाओं एवं छात्राओं ने भाग लिया।

अभ्यास के दौरान प्रतिभागी महिलाएँ घूमर के पारंपरिक पदचाल और तालमेल का अभ्यास कर रही हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभ्यास सत्र घूमर उत्सव की सफल तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले दिनों में इसमें और अधिक सहभागिता की संभावना है। घूमर महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए विभाग द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच के अनुसार 13 से 17 नवम्बर तक नगर निगम के पंडित दीनदयाल सभागार में दोपहर 3 से सांय 6 बजे तक घूमर नृत्य का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

कार्यालय उप वन संरक्षक, वन विभाग, प्रतापगढ़ (राज.)

Sr. No. : 308 Date: 11/11/2025

NIB No.-10/2025-26

On behalf of The Governor of Rajasthan offline bids are invited from interested bidders for various scheme Supply/works upto 18 & 21.11.2025 till 12:00 Hr other particulars, terms & conditions may be seen on the https:/eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.nic.in & office notice board.

NIB/UBN No For 2526WSOBO3235-44

Dy. Conservator of Forest, Div. Pratapgarh (Raj.)

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/14165 दिनांक : 10.11.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री अरविन्द जैन पिता श्री निर्मल कुमार श्री निवासी- उपली ओडन, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-32 क्षैत्रफल-1100 वर्गफिट मोहन हाईट्स आवासीय कॉलानी, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-33	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-31	फुटपाथ व पार्क क्षेत्र
		भूखण्ड संख्या-33 क्षैत्रफल-1320 वर्गफिट मोहन हाईट्स आवासीय कॉलानी, नाथद्वारा	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-32	भूखण्ड संख्या-34	फुटपाथ व पार्क क्षेत्र

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

वंदे मातरम गीत का हुआ आयोजन

डूंगरपुर, (निसं)। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के रचित वंदे मातरम गान के 150 साल पूरे होने पर समस्त देशवासी इसे उत्सव के रूप में मना रहे है। इसी कडी में देशभक्ति के प्रतीक वंदे मातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर भारत विकास परिषद तिलक शाखा द्वारा सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय स्व.किशनलाल गर्ग पीने नम्बर 2 में एक भव्य राष्ट्रीय गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चिराग व्यास और शाला के प्रभारी विनय चौबीसा ने किया। तिलक शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने कहां कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के समय देशभक्तों के हृदय में जोश और उत्साह का संचार करता था। आज भी यह हमें राष्ट्रप्रेम, एकता और त्याग की प्रेरणा देता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत, भरदा, पं.स., ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

क्रमांकः- एफ( )/ग्रापं/लेखा/ई-निविदा/2025/128 दिनांक 12-11-25

-: ई-निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत भरदा में जीपीडीपी योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्माण कार्य एवं दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/ जल संसाधन विभाग/ ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग व नगर निगम में पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में एवं टेण्डर डॉक्युमेंट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखी सकते है।

UBN NO- ZUD2526WSOB02450
ZUD2526WSOB02452
ZUD2526WSOB02453

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भरदा
पंचायत समिति, ऋषभदेव जि. उदयपुर (राज.)

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आज

उदयपुर, (कासं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 1 से 15 नवम्बर तक उदयपुर में जनजातीय गौरव सप्ताह के विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। जिसमें शिक्षा, जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग, सामाजिक न्याय, संस्कृति एवं युवा विभाग सहित विभिन्न संस्थान भाग लेंगे। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने जिला स्तरीय कार्यक्रमों के समुचित संचालन और समन्वय के लिए टी.ए.डी. उपायुक्त निरमा बिश्नोई को नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रमों में सुबह 10 बजे टीआरआई परिसर में भारत की जनजातीय कला के चित्रण का अनावरण होगा। सुबह 10.30 बजे सूचना केंद्र, मोहता पार्क के पास में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी और उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर जनजातीय नायकों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। शिल्पग्राम 'बन्जारा' में शाम 4 से 5.30 बजे तक जनजाति कलाकार गायन, वादन, नृत्य व नाटिका प्रस्तुत करेंगे। सुबह 11.30 बजे सिटी पैलेस उदयपुर में जनजाति कलाकारों द्वारा भित्ति चित्रण किया जाएगा। लोककला मण्डल में सुबह 10.30 बजे वीर बालिका कालीबाई की जीवनी पर आधारित कठपुतली नाटक का मंचन होगा।

कार्यालय नगर पालिका देवगढ जिला राजसमन्द (राज0)

क्रमांक/न.पा.दे./नामान्तरण/2025-26/1915 दिनांकः- 10.11.2025

आपत्ति आमंत्रण पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका देवगढ क्षेत्र के निम्नांकित व्यक्तियो द्वारा प्रार्थना पत्र मय स्वामत्वि दस्तावेजो के प्रस्तुत कर जरीये पंजीकृत विक्रय पत्र/अपंजीकृत विक्रय इकरारनामा/मृत्यु के आधार पर पालिका द्वारा जारी किये गये भूखण्ड/मकान का नामान्तरण किया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. सं.	भूखण्ड विक्रेता/विक्रय इकरारकर्ता /पारिवारिक समझौताकर्ता का नाम	भूखण्ड क्रेता/उतराधिकारी जिसके नाम नामान्तरण किया जाना है	भूखण्ड सं./साईज व पता	प्रस्तुत दस्तावेत
01	श्री अमित कुमार पिता नेमीचन्द निवासी देवगढ	श्रीमती भगवती देवी पत्नि सज्जन सिंह निवासी देवगढ	सुभाषनगर निजी आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 19 साईज 1250 वर्गफीट एवं भूखण्ड सं. 20 साईज 1250 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र
02	श्री रामेश्वर सिंह पिता गणेश सिंह निवासी देवगढ	श्रीमती भगवती देवी पत्नि सज्जन सिंह निवासी देवगढ	मालियो का मौहल्ला देवगढ में स्थित आवासीय भूमि क्षेत्रफल 754.87 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र
03	श्री जगन्नाथ लाल पिता छगनलाल, श्री जय सिंह पिता लक्ष्मण सिंह एवं श्री सुनिल कुमार भंडारी पिता मदनलाल भंडारी निवासी देवगढ	श्री भगवान सिंह पिता भेरू सिंह निवासी रैइदो, डुंगाजी का गांव तहसील भीम	राजस्व ग्राम देवगढ के आराजी नं. 5988/3410 रकबा 0.4393 हैक्टेयर में से आवासीय भूखण्ड सं. 17 क्षेत्रफल 1225 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र
04	श्री वैभव शर्मा पिता कमल शर्मा निवासी देवगढ	श्रीमती कंचन कंवर पत्नि जीवन सिंह निवासी भारत सिंह का गुडा	सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 112 क्षेत्रफल 450 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र
05	श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि स्व0 किस्तुरचन्द जीनगर निवासी देवगढ	श्री दिनेशचन्द्र, श्री प्रकाशचन्द्र, श्री अनिल कुमार पिता किस्तुरचन्द जीनगर निवासी देवगढ	मारू दरवाजा के अन्दर सिपाईयो का मौहल्ला में स्थित भूखण्ड क्षेत्रफल 766.02 वर्गफीट	मृत्यु प्रमाण के आधार पर

अतः उक्त सम्पति के नामान्तरण के संबध में किसी भी व्यक्ति/हितधारी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे अपनी आपत्ति मय प्रमाण के अधोहस्ताक्षर के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्दर अवधि आपत्ति मय प्रमाण के लिखित में प्रस्तुत नही होने पर वर्णित भूखण्ड/मकान का नामान्तरण जारी किया जाने की आगामी कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित कर दी जावेगी।

राज.संवाद/सी/25/13731 अधिशाषी अधिकारी

बीएलओ को दी एसआईआर एप की जानकारी

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलेक्टर इन्दजीत सिंह यादव ने आनंदपुरी उपखंड के राउमावि कानेला में बीएलओ को मोबाइल में एसआईआर एप खोल कर फोटो अपलोड करने की जानकारी दी। उन्होंने कानेला विद्यालय का निरीक्षण करते हुए प्रधानाचार्य नानुलाल डामोर के ऑनलाईन उपस्थिति व विजिट का निरिक्षण करते हुए विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर सुधारने के निर्देश दिए वहीं एमडीएम मीनू व शौचालय निर्माण कार्य की जानकारी ली। उनके साथ आनंदपुरी एसडीएम भी मौजूद रहे।